तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025



11 इंडस स्कूल के विद्यार्थियों ने सुंदर प्रस्तुतियों से मोहा मन





11 कैरम में जींद प्रथम, नरवाना ने दूसरा स्थान पाया




## खबर संक्षेप

### बाइक अनियंत्रित होने से व्यक्ति की मौत

**जींद।** गांव जलालपुरा के निकट बीती रात बाइक अनियंत्रित को गिर जाने से व्यक्ति की मौत हो गई। यह पता नही चल पाया कि बाइक अनियंत्रित कैसे हुई। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सरसौद हिसार निवासी रमेश (50) बीती रात बाइक पर सवार होकर जींद की तरफ आ रहा था।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का रोष प्रदर्शन आज

**कैथल।** राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान रघुबीर सिंह ने संयुक्त प्रेस ब्यान जारी करते बताया कि 13 अक्टूबर को जिला कमेटी ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं व मांगों के समाधान के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा था। परन्तु कार्यालय से अब तक कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। विरोध में 17 को डीइओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

### पांच पिस्तौल तथा दस जिंदा कारतूस के साथ चार दबोचे

**जींद।** जिला पुलिस ने दो स्थानों से चार युवकों को काबू कर कब्जे से पांच पिस्तौल तथा दस जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस ने पकड़े गए युवकों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामले दर्ज का पूछताछ शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि नगूरां से डाहौला की तरफ जाने वाले तीन युवक अवैध हथियारों के साथ खेतों में बने कमरे में बैठे हुए हैं।

### गांव पाई में रास्ता रोककर की मारपीट

**कैथल।** जिले के गांव पाई में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। पाई के अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 को जब वह रामलीला ग्राउंड पाई के निकट से गुजर रहा था तो गांव के ही सुमित अदि ने अपने चार-पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर उसका रास्ता रोकते उसके साथ गाली गलौज करते मारपीट की।

### भैंस नहला रहे व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत

**जींद।** गांव शामलो के तालाब में भैंस नहला रहे व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। शामलो गांव निवासी 42 वर्षीय जयबीर बुधवार शाम को भैंसों को लेकर तालाब पर गया था। जब वह भैंसों को नहला रहा था तो अचानक वह बेसुध हो गया। उसे तुरंत नागरिक अस्पताल ले गए चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

**कैथल।** एक युवती को नौकरी लगवाने के नाम पर एक लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले की जांच थाना चीका के एसआई राजेश की टीम द्वारा करते आरोपी अमर सिटी कॉलोनी चीका के शमशेर को काबू कर लिया गया। आरोपी से व्यापक पूछताछ के लिए अदालत से 3 दिन का रिमांड हासिल किया गया।

### रंजिशन हमला करने पर चार के खिलाफ केस

**जींद।** गांव भूरायण में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भूरायण निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही अजय से कहासुनी हो गई थी।

### मोबाइल फोन छीनने के मामले में दो आरोपी काबू

**कैथल।** थाना चीका क्षेत्र में एक प्रवासी से मारपीट करके नकदी व मोबाइल फोन छीनने के मामले में सीआईए-1 पुलिस ने 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव रंगीनिया जिला सहरसा बिहार के राजकुमार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि वह ब्लु डायमंड होटल चीका में रहता हैं।



**जींद।** एएसआई संदीप के अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद लोग।



एएसआई संदीप को पुष्प चक्र अर्पित करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।





एएसआई को नमन करते मंत्री कृष्ण लाल पंवार व एएसआई को नमन करती मंत्री श्रुति चौधरी। *फोटो :हरिभूमि*

*एएसआई का पैतृक में सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, पार्थिव शरीर को बेटे वेहान ने दी मुखाग्नि*

# ग्रामीण और परिजनों ने संदीप लाठर अमर रहे के नारों के साथ अपने वीर सपूत को दी अंतिम विदाई

**पोस्टमार्टम के बीच केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने परिवार से मुलाकात की**

*भाजपा प्रदेशाध्यक्ष-राज्य सरकार व पुलिस प्रशासन ने दी श्रद्धांजलि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा पुलिस के एएसआई संदीप लाठर का गुरूवार को उनके पैतृक गांव जुलाना में पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर राज्य सरकार एवं पुलिस प्रशासन की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके पार्थिव शरीर को उनके बेटे वेहान ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में राज्य के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा, कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी, डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, सफीदों विधायक रामकुमार गौतम, जुलाना विधायक विनेश फोगाट, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, योगेश बैरागी, बीजेपी जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, अजय चौटाला, रामपाल माजरा, अमरजीत ढांडा, प्रशासन की ओर से डीजीपी ओपी सिंह, एडीजीपी केके राव, आईजी सिमरदीप सिंह, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, जींद एसपी कुलदीप सिंह, रोहतक एसपी सुरेंद्र भोरिया, जींद एएसपी सोनाक्षी सिंह, जुलाना एसडीएम होशियार सिंह आदि ने एएसआई स्वर्गीय संदीप लाठर को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। अंतिम संस्कार के समय गांव जुलाना में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों, परिजनों ने संदीप लाठर अमर रहे के नारों के साथ अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी।



**जींद।** एएसआई संदीप को नमन करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली।



**जींद।** एएसआई संदीप को पुष्पचक्र भेंट करते उनके बेटे रिहान।



**जींद।** एएसआई को नमन करते मंत्री महिपाल ढांडा। *फोटो :हरिभूमि*



डीसी मोहम्मद इमरान रजा।



एसपी कुलदीप सिंह।

### देश परिवार के साथः बड़ौली

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने कहा कि पूरा देश घटना से दुखी है। इस प्रकार की दुर्घटना कभी ना घटे। पूरा देश सरकार संदीप लाठर के परिवार के साथ खड़े हैं। मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि बहूत ही दुखद घटना हुई है। सरकार परिवार के साथ है। दोनों घटनाएं दुखद हैं। सरकार निष्पक्ष जांच कर रही है।

### ये गणमान्य रहे मौजूद

इस मौके पर कार्यकारी डीजीपी ओपी सिंह, मंत्री कृष्ण लाल पंवार, मंत्री महिपाल ढांडा, इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, बरोदा से विधायक इंदुराज नरवाल, सफीदों से विधायक रामकुमार गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी, सत्यवान खटकड़, पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा आदि मौजूद रहे।

### न्याय मिलना चाहिए : विनेश

संदीप के घर पहुंची जुलाना की विधायक विनेश फोगाट ने कहा कि परिवार के लोग सरकार से इंसाफ की मांग कर रहे हैं। परिवार के लोग संतुष्ठ नही हैं। जो शब्द बोले गए हैं कहीं वो पूरे ना हों। सिस्टम जो बोलता है वो होता नही है। मुझे भी डर है कि परिवार की मांग पूरी ना हो पाए। समाज को एक साथ उनके परिवार के साथ खड़ा होना चाहिए। जब पुलिस ही सुसाइड करने लग जाए तो उस प्रदेश के हालात क्या होंगे। हालात बहूत खराब हैं। सरकार से हालात सुधर नही रहें हैं। परिवार के साथ धोखाबाजी नही होनी चाहिए जो शब्द बोले गए हैं वो पूरे होने चाहिए। लिखित आश्वासन परिवार को मिलना चाहिए।

### परिवार को मिलेगा न्याय : श्रुति

मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि बहूत दुखद घटना हुई है। सरकार की तरफ से न्याय मिलेगा।जो भी मामले में दोषी पाया गया उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण लाल मिढा ने कहा कि परिवार को दुख सहन करने की भगवान क्षमता दे। आज पूरे प्रदेश के लोग उन्हें अंतिम विदाई देने आए हैं। सरकार निष्पक्ष भाव से काम कर रही है।

### तिरंगा यात्रा निकाली

केंटर को सजा कर रोहतक से शव को जुलाना लाया गया उसके बाद एक केंटर को सजाकर रोहतक से शव को जुलाना लाया गया। ब्राह्मणवास गांव के पास से बाइक सवारों ने तिरंगा यात्रा निकालते हुए शव को उनके घर तक पहुंचाया। घर के पास गली संकरी होने के कारण शव को छोटी एंबूलेंस से उनके घर तक लाया गया। पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शनों के लिए लोगों की भारी भीड़ लग गई। अंतिम संस्कार में संदीप के बेटे विहान ने मुखाग्नी दी।

### 5 वर्ष पूर्व रोहतक आया


संदीप लाठर अपने परिवार के साथ पांच साल पहले रोहतक शिफ्ट हुआ था। संदीप ने सोमवार को एक वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी और सुसाइड नोट लिख कर अपने रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद परिवार के लोग न्याय की मांग कर रहे थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी परिजनों से मुलाकात की लेकिन परिजन नही माने। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने और निष्पक्ष जांच के आयवासन के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए मान गए और सुबह मृतक का पोस्टमार्टम किया गया।

# गांव क्योड़क के निकट रोडवेज बस से गिरकर विद्यार्थी की मौत

» *युवक एनआईआईएम विवि में प्रथम वर्ष का छात्र था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव क्योड़क के पास 17 वर्षीय किशोर की रोडवेज बस से गिरने से मौत हो गई। यह युवक एनआईआईएम विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष का छात्र था। बताया जा रहा है कि मृतक किशोर वंश राठौड़ ने विश्वविद्यालय के पास ही रोडवेज बस चालक को बस रोकने की प्रार्थना की। चालक ने बस की गति धीमी तो की, लेकिन इसे पूरी तरह



से रोका नहीं। इस कारण वह उतरने के चक्कर में बस से गिर गया और सड़क पर गिरने से मौत हो गई। पट्टी अफगान निवासी राजा जागलान ने बताया कि उसके दोस्त तरसेम राठौड़ का बेटा वंश राठौड़ ने इस सत्र में ही एनआईआईएम विश्वविद्यालय में कंप्यूटर एप्लीकेशन के कोर्स में दाखिला लिया था। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी दो बड़ी बहने हैं। जबकि उसके पिता फोटोग्राफर है। कैथल सदर थाना एसएचओ सनेश कुमार ने बताया कि हिसार-चंडीगढ़ हाईवे पर रोडवेज बस से गिरने से किशोर की मौत होने की सूचना मिली थी। किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भिजवाया गया है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

» *गुस्साए ग्रामीणों ने जींद-सफीदों मार्ग किया जाम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बहादुरगढ़ बस अड्डे के निकट जींद-सफीदों मार्ग पर वीरवार को तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बस भी अनियंत्रित होकर गड्ढों में उतर गई। गनीमत यह रही कि किसी यात्री को चोट नही आई। घटना से खफा ग्रामीणों ने गांव के बस अड्डे पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग को लेकर जाम भी लगाया। घटना की सूचना पाकर सफीदों तहसीलदार तथा सदर थाना प्रभारी



**जींद।** जाम लगाए ग्रामीण।

पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और ब्रेकर बनवाने का आश्वासन देकर जाम को खुलवाया। गांव बहादुगढ़ निवासी रघुबीर सैनी (35) तथा गांव मुआना निवासी मीनू वीरवार को बाइक पर सवार होकर गांव से सफीदों की तरफ जा रहे थे। गांव बहादुरगढ़ बस अड्डे के निकट जींद से सफीदों जा रही रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें रघुबीर सैनी की मौत हो गई। जबकि मीनू गंभीर रूप से घायल हो गया। रोडवेज बस अनियंत्रित होकर गड्ढों में उतर गई। जिसमें यात्री बाल-बाल बच गए। घटना को अंजाम देकर बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। परिजनों ने बताया कि मृतक रघुबीर तथा घायल मीनू गांव शीलाखेड़ी बस अड्डे पर ट्रैक्टर मिस्त्री की दुकान करते थे। दोनों बाइक पर सवार होकर दुकान पर जा रहे थे कि गांव से निकलते ही हादसा हो गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने रोडवेज बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज

गांव बहादुरगढ़ के ग्रामीणों को जब घटना की सूचना मिली तो वे गांव के बस अड्डे पर पहुंच गए। खफा ग्रामीणों ने जींद-सफीदों मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर जाम लगा दिया। ग्रामीणो ने कहा कि बस अड्डे पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग कई बार अधिकारियों से की जा चुकी है। बावजूद इसके उनकी मांग पर कोई ध्यान नही दिया गया। हर रोज यहां पर हादसे हो रहे हैं। जाम लगाने की सूचना पाकर तहसीलदार राजेश गर्ग, सदर थाना प्रभारी राजेश कुमार पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द बस अड्डे पर स्पीड ब्रेकर बनवा दिया जाएगा। जिसके बाद ग्रामीण जाम खोलने को राजी हो गए। सदर थाना प्रभारी सफीदों राजेश कुमार ने रोडवेज बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

**योजना** एसपी उपासना ने थाना सीवन से की अभियान की शुरुआत, लोगों को होगा फायदा

# अब कैथल पुलिस हुई हाइटैक, आम आदमी क्यूआर कोड के माध्यम से दे सकेंगे फीडबैक

पुलिस का स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल पुलिस द्वारा कैसा काम किया जा रहा है, आमजन अब इसकी फीडबैक दे सकेंगे। यह फीडबैक क्यु आर कोड के जरिए दी जा सकेगी। क्यूआर कोड सभी पुलिस थानों में लगाए गए हैं। नागरिक अपने मोबाइल फोन से इन कोड को स्कैन करके एक फीडबैक फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं, जहां वे सेवा की गुणवत्ता, पुलिसकर्मियों के व्यवहार और आमजन की समस्याओं के प्रभावी



**कैथल।** एसपी उपासना क्यूआर कोड प्रणाली का शुभारंभ करते।

समाधान के बारे में स्वतंत्र रूप से अनुभव साझा कर सकते हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सीवन से एसपी उपासना द्वारा इस अभियान की शुरुआत की गई। यह सेवा सभी थानों में शुरू कर दी गई है। एसपी उपासना ने कहा कि पुलिस का यह स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है। यह न केवल सेवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा, बल्कि पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास और सहभागिता को भी और अधिक सुदृढ़ करेगा।

### यूं काम करेगी प्रणाली

पुलिस प्रवक्ता ने बताया की क्यूआर कोड को स्कैन करते ही सबसे पहले हिंदी, अंग्रेजी भाषा का विकल्प मिलेगा। जिस भाषा में नागरिक फीडबैक देना चाहता है, उसका प्रयोग कर सकेगा। इसके बाद नाम, मोबाइल नंबर, शिकायत की तिथि, शिकायत के प्रकार, कंसर्न ऑफिसर का नाम, कमेंट लिख सकेंगे। इसमें पुलिस स्टेशन की साफ-सफाई को लेकर भी फीडबैक दिया जा सकेगा। उसमें भी ऑप्शन दिखेंगे, जिनमें यस या नो पर क्लिक करके फीडबैक को सब्मिट किया जाएगा। स्टेशन क्लीनलीनेस में यस या नो लिखने के बाद कमेंट के बॉक्स में स्टेशन की सफाई के बारे में कमेंट लिखा जा सकेगा। लास्ट में रहेगा सब्मिट व क्लियर का ऑप्शन क्यु आर कोड में क्लीनलीनेस के कमेंट बॉक्स के नीचे ही स्टाफ अवेलेबिलिटी, स्टाफ हेल्पफुल और इश्यू रिसोल्वड के सामने भी यस या नो पर क्लिक कर सकेंगे।

# गांजा पत्ती के दो नशा तस्करों को 11-11 साल का कारावास

- केमिकल कट्टों के बीच में गांजा पत्ती छुपाकर तस्करी का जुर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने नशा तस्करी के जुर्म में दो दोषियों को 11 - 11 साल का कारावास तथा एक- एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 18 अगस्त 2020 को डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि कैंटर के माध्यम से नशीले पदार्थो की खेप को तस्करी कर जींद की तरफ लाया जा रहा है। जिसके आधार पर डिटेक्टिव स्टाफ गांव पौली के निकट रोहतक की तरफ से आने वाले वाहनों पर नजर रखनी शुरु कर दी। कुछ समय के बाद पुलिस कर्मियो ने रोहतक की तरफ से आ रहे कैंटर को रूकवा कर तलाशी ली तो उसमे कैमिकल पाउडर के कट्टे भरे पाए गए। जब कट्टों को उतारकर नीचे तलाशी ली गई तो गांजा पत्ती से नौ कट्टे भरे पाए गए। जिनका वजन 270 किलोग्राम पाया गया। पुलिस पूछताछ में कैंटर सवार लोगों की पहचान गांव बुढाखेड़ा लाठर निवासी कमल उर्फ भोलू तथा गांव हिसार निवासी अजय के रूप में हुई थी। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर कमल उर्फ भोलू तथा अजय के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज गिरफ्तार कर लिया था।

सेलिब्रेशन

चारों ओर जगमगाते दीपक, रंग-बिरंगी लाइट्स की लड़ियां, आतिशबाजी, ऐसा उल्लास से भरा माहौल होता है दीपावली का। लेकिन इस पर्व का असली मजा/आनंद वास्तव में कब आता है, बता रहे हैं टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स। ये आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस बार दीपावली कैसे सेलिब्रेट करेंगे?

# दीपावली पर जगमगाएं खुशियां



### मेरे लिए दिवाली का असली मतलब है परिवार का प्यारा साथ : आयशा विंधारा


सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया का रोल प्ले करने वाली आयशा विंधारा दिवाली का नाम सुनते ही उत्साह से भर जाती है। आयशा दिवाली कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'मैं अपने परिवार के साथ मिलकर दिवाली मनाती हूं। नई ड्रेसेस खरीदती हूं। रंग-बिरंगी लाइट्स और दीयों से घर को सजाती हूं। शाम को मैं और मेरी बहन मिलकर रंगोली बनाते हैं। दिवाली की रात में अपने पापा और दोस्तों के साथ पटाखे फोड़ती हूं। दिवाली मेरे लिए अधूरी है, अगर मुझे रसगुल्ला और काजू कतली खाने को नहीं मिले! दिवाली आते ही मेरे मन में एक अलग ही उत्साह भर जाता है।' आयशा आगे कहती है, 'मेरे लिए दिवाली सिर्फ रोशनी, दीये और पटाखों का त्योहार नहीं है। दिवाली का असली मतलब है- परिवार का प्यारा साथ। जब हम सब मिलकर हंसते हैं, खेलते हैं, बातें करते हैं, एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, मेरे लिए यही सच्ची दिवाली होती है।' इस बार दिवाली पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में आयशा बताती है, 'अबकी मैं दीये पेंट करके अनाथालय में बांटने जाऊंगी, ताकि वहां भी दिवाली की रोशनी और मुस्कान बिखरे। मैं अपने घर में बड़ी-सी रंगोली बनाऊंगी। और हां, इस बार मेरा बर्थ-डे भी दिवाली के आस-पास है, तो इस बार मेरे लिए दिवाली की खुशी दोगुनी है!' आयशा 'बालभूमि' के सभी दोस्तों को दिवाली का मैसेज देते हुए कहती है, 'दिवाली पर हम सभी घर सजाएं, दीये जलाएं। पटाखे कम फोड़ें ताकि पॉल्यूशन कम हो। मिठाई खाएं और बांटें। हम इस खूबसूरत त्योहार को प्यार और मुस्कान के साथ मनाएं।' *

### खुशियां बांटने का त्योहार है दिवाली
### एकांश काथरोटिया



सोनी सब पर हाल ही में शुरू हुए शो 'गणेश कार्तिकेय' में एकांश काथरोटिया, विघ्नहर्ता भगवान गणेश की भूमिका निभा रहा है। दिवाली उसका पसंदीदा त्योहार है। एकांश कहता है, 'दिवाली खुशियों का त्योहार है। इस दिन हम नई ड्रेसेस पहनते हैं, मिठाइयां खाते हैं, बांटते भी हैं। दिवाली पर रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, ईको-फ्रेंडली पटाखे और फुलझड़ियां जलाते हैं। माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, दिवाली पर खुशियां मनाने के साथ-साथ हम अपनों के साथ खुशियां बांटते भी हैं।' एकांश के लिए दिवाली के क्या मायने हैं, वह बताता है, 'दिवाली के दिन भगवान श्रीराम रावण का वध करके और अपना वनवास पूर्ण करके अयोध्या लौटे थे। तब उनके स्वागत में पूरा अयोध्या दीपों से सजाया गया था, लोगों को अपार खुशी मिली थी। मेरे लिए दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है।' इस बार दिवाली सेलिब्रेशन को लेकर अपनी प्लानिंग के बारे में एकांश चहकते हुए बताता है, 'अभी कुछ समय पहले ही हमारा सीरियल 'गणेश कार्तिकेय' ऑन एयर हुआ है। मेरे लिए तो दिवाली शुरू हो गई है। मैं इस दिवाली बहुत उत्साहित हूं। इस बार मैं सीरियल के सेट पर अपने को-स्टार्स के साथ दिवाली सेलिब्रेट करूंगा।' एकांश का 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज है, 'अपने नन्हे प्यारे दोस्तों से मैं दिल से कहना चाहता हूं कि दीपावली का यह त्योहार आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि लाए। माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आप सबके साथ हमेशा बना रहे। हैप्पी दिवाली!' *

### दिवाली पर हर किसी के चेहरे पर हो स्माइल-हो ब्राइटनेस : आर्यन प्रजापति



एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक की भूमिका निभा रहे आर्यन प्रजापति का नटखट अंदाज सबको खूब भा रहा है। ऋतिक को दिवाली का त्योहार बहुत पसंद है। वह दिवाली की तैयारी और इसके सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'दिवाली आते ही सबसे पहले हम लोग घर की साफ-सफाई में जुट जाते हैं। मैं अपने कमरे को लाइट्स और पोस्टर्स से डेकोरेट करता हूं। पापा के साथ मिलकर दीये सजाता हूं। दिवाली के मौके पर मम्मी के हाथों से बनी मिठाई खाना बहुत अच्छा लगता है। रात को पूजा होती है फिर सेल्फी टाइम!' आर्यन के लिए दिवाली सिर्फ एक त्योहार भर नहीं है, वह कहता है, 'दिवाली का मतलब है, टेंशन भूलकर दोस्तों और फैमिली के साथ एंज्वॉय करो।' आर्यन की नजर में दिवाली साथ-साथ खुशियां बांटने का त्योहार है। वह बताता है, 'मैं और मेरी सिस्टर मिलकर गरीब बच्चों को कपड़े और मिठाई बांटते हैं। हम इनके घर जाकर इनके साथ दीये भी जलाते हैं। उनकी मुस्कान देखकर लगता है, हमारी दिवाली डबल स्पेशल हो गई।' 'बालभूमि' के दोस्तों को आर्यन मैसेज देता है, 'गाइज, दिवाली खूब एंज्वॉय करो, लेकिन सेफ्टी और नेचर का भी ध्यान रखो। दिवाली का असली मजा तब है, जब हर किसी के चेहरे पर ब्राइटनेस हो, स्माइल हो।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स


लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापान


न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीन

# दुनिया की मशहूर आतिशबाजियां

रोचक / शिखर चंद जैन

*बच्चो, भारत में शानदार जोरदार आतिशबाजी दीपावली के अवसर पर देखी जाती है। विदेशों में भी अलग-अलग अवसरों पर आतिशबाजी से जुड़े बहुत ही मनमोहक आयोजन होते हैं। जानो, दुनिया के कुछ मशहूर आतिशबाजी इवेंट्स के बारे में।*

**मॉन्ट्रियल इंटरनेशनल फायरवर्क कॉम्पिटिशन, कनाडाः** यह दुनिया की सबसे बड़ी आतिशबाजी प्रतियोगिता है। यहां बेहतरीन म्यूजिक के साथ-साथ शानदार आतिशबाजी का कॉम्पिटिशन आयोजित किया जाता है। विजेताओं को ट्रॉफी दी जाती है। महीने भर तक चलने वाले इस उत्सव में



दूर-दूर से लाखों लोग आते हैं। वैसे तो इसे देखने के लिए टिकट लेना पड़ता है, लेकिन सेंट लॉरेंस नदी या माउंट रॉयल पार्क के पास से इसे मुफ्त में भी देखा जा सकता है।

**लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापानः** जापान की सबसे बड़ी झील लेक बीवा में अगस्त माह में आतिशबाजी का शानदार शो आयोजित किया जाता है। उत्सव के दौरान 10,000 रंग-बिरंगी आतिशबाजी होती है। इस रंग-बिरंगी आतिशबाजी का प्रतिबिंब जब झील के पानी में पड़ता है तो देखने में बहुत ही मनोहरी लगता है। इस शानदार शो को देखने के लिए 3 लाख से ज्यादा लोग आते हैं। लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल की हर साल एक नई थीम प्लान की जाती है।

**दुबई न्यू ईयर ईव फायरवर्क्स, यूएई :** दुबई में न्यू ईयर के मौके पर रोशनी और पटाखे दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा से चलाए जाते



हैं। इसलिए दुबई में कहीं से भी इस आतिशबाजी की चमक देखी जा सकती है। बुर्ज खलीफा के नीचे खड़े होकर इस आतिशबाजी को देखना बहुत रोमांचक अनुभव होता है। आतिशबाजी के अलावा यहां लेजर बीम शो और एलईडी लाइट्स का अनूठा नजारा भी देखने को मिलता है।

**न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीनः** चीन के लोग नववर्ष के अवसर पर खूब पटाखे चलाते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक यह जनवरी और फरवरी के बीच पड़ता है। इस अवसर पर ड्रैगन और अन्य कई शेप्स की आतिशबाजी की जाती है। यहां की मान्यताओं, परंपराओं और प्रतीकों के आधार पर भी आतिशबाजी तैयार की जाती है। इस अवसर पर चीन के लोग देवताओं की पूजा करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं।

**न्यूयॉर्क में स्वतंत्रता दिवस पर आतिशबाजी, अमेरिकाः** अमेरिका में 4 जुलाई यानी अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस का दिन यहां के सभी बड़े शहरों



में आतिशबाजी का अवसर होता है। खासतौर से न्यूयॉर्क सिटी में हडसन नदी में कई नौकाओं से तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है। लगभग 25 मिनट तक चलने वाले इस इवेंट में हजारों तरह की आतिशबाजी की जाती हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## दीप जले दिवाली के!



नन्हे-नन्हे प्यारे-प्यारे
दीप जले दिवाली के!
दूर भगाने को अंधियारा,
जग में लाने को उजियारा,
आंगन-आंगन, द्वारे-द्वारे
दीप जले दिवाली के!
भेदभाव का नाम न इनमें,
बैर-द्वेष का काम न इनमें,
झिलमिल-झिलमिल, हिलमिल सारे
दीप जले दिवाली के!
मोह रहे हर प्राणी का मन,
कितने उज्ज्वल, कितने पावन,
सुंदर-सुंदर, सजे-संवारे
दीप जले दिवाली के!
दीपों जैसा जीवन कर लें,
उजियारे को मन में भर लें,
भोले-भोले, न्यारे-न्यारे
दीप जले दिवाली के!

## हंसगुल्ले




**मोनूः** यार, मेरे जैसे लंबी हाइट वाले लड़कों के लिए दिवाली काफी थका देने वाली होती है।
**सोनूः** आखिर क्यों?
**मोनूः** क्योंकि जब भी ऊंचाई वाली दीवार को साफ करना होता है या फिर कमरे की छत पर लगा जाला साफ करना होता है। मम्मी झट से मुझे बुला लेती हैं। सारा दिन सफाई करते-करते निकल जाता है।

-सौम्या, रोहतक

**सोहनः** देखो, आज मेरे पास सुतली बम है, पटाखे, फुलझड़ी, अनार, रॉकेट सब कुछ है। तुम्हारे पास क्या है?
**मोहनः** मेरे पास वह है, जो मैं लगा दूं तो सब खत्म समझो।
**सोहनः** ऐसा क्या है तुम्हारे पास?
**मोहनः** माचिस!

-विकास, बिलासपुर

## जीके क्विज-175



1 साल 2025 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. इस वर्ष शांति का नोबेल पुरस्कार पाने वाली मारिया कोरिना मचाडो किस देश की नागरिक हैं?
3. दीपावली का पर्व किस हिंदी महीने में मनाया जाता है?
4. विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
5. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
6. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
7. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
8. अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
9. एफिल टावर कहां स्थित है?
10. 'गीता रहस्य' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

**बच्चों, जीके क्विज-175 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-174 का उत्तर :** 1.अभिषेक शर्मा, 2. बालोद, 3.उत्तराखंड, 4.जीजाबाई, 5. 24 अक्टूबर, 6.गुग्लिल्मो मार्कोनी, 7.विटामिन के, 8.लैक्टिक एसिड, 9.भुवनेश्वर, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-174 का सही उत्तर देने वाले :** निखिल-महासमुंद, अंजलि-दुर्ग, आन्या-दुर्ग, कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, सोहम-कांकेर



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

तीन महीने पहले ही अंशुल के दोस्त सौरभ के पापा का देहांत हुआ था। इसलिए सौरभ बहुत ज्यादा उदासी से घिरा हुआ था। अंशुल ने दिवाली के दिन उसके घर जाकर कुछ ऐसा किया कि सौरभ के चेहरे पर छायी उदासी छंट गई। अंशुल को भी लगा, उसकी यह दिवाली बहुत अलग रही, यादगार बनी।

# अलग तरह की दिवाली



दिवाली का दिन था। वातावरण में त्योहार का उल्लास छाया था। अंशुल भी बहुत खुश था, क्योंकि दिवाली का त्योहार उसे बहुत भाता था। शाम के समय वह मम्मी-पापा के साथ बाजार की रौनक देखकर घर लौटा तो उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाले उसके दोस्त सौरभ के घर में न कोई रोशनी और न कोई सजावट की हुई है। घर के अंदर से कोई आवाज भी नहीं आ रही थी। ऐसा लग रहा था, जैसे उस घर में कोई रहता ही न हो। अंशुल को मालूम था, तीन महीने पहले सौरभ के पापा नहीं रहे थे। एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। सौरभ अपनी मम्मी के साथ उस घर में रहता है। अंशुल ने हैरानी से पापा से पूछा, 'पापा, सौरभ के घर में कोई रोशनी क्यों नहीं की गई है? क्या इन्होंने दिवाली नहीं मनानी?'

'बेटा, सौरभ के पापा नहीं रहे न, इसलिए इस बार ये लोग दिवाली नहीं मनाएंगे।' पापा का जवाब सुनकर अंशुल को धक्का-सा लगा। घर के अंदर आकर भी वह सौरभ के बारे में ही सोचता रहा। उसके बारे में सोच-सोच कर उसका मन दुखी होने लगा। उसने अपने मम्मी-पापा से कहा, 'क्यों न हम थोड़ी देर के लिए सौरभ के घर जाएं और साथ में थोड़ी मिठाई, फुलझड़ियां और मोमबत्तियां भी ले जाएं।'

अंशुल की बात सुनकर मम्मी बोलीं, 'इस साल उनको दिवाली नहीं मनानी है, इसलिए न तो वे मोमबत्तियां, फुलझड़ियां जलाएंगे और न ही मिठाई खाएंगे।' यह सुनकर अंशुल सोच में पड़ गया फिर बोला, 'तो ठीक है, मैं ऐसे ही उनके घर चला जाता हूं, थोड़ी देर के लिए।'

अंशुल तुरंत ही सौरभ के घर चला गया और दरवाजे की घंटी बजाई। दरवाजा सौरभ की मम्मी ने खोला। अंशुल ने उनसे सौरभ के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया, 'वह अपने कमरे में है।' अंशुल घर के अंदर जाकर सौरभ के कमरे में गया तो उसने देखा कि वह चुपचाप बिस्तर पर लेटा हुआ है। बहुत उदास दिख रहा था। उसकी आंखें देखकर ऐसा लग रहा था मानो थोड़ी देर पहले रोया है। तभी सौरभ की मम्मी भी वहां आ गईं, अंशुल से बोलीं, 'यह सौरभ तो अपने पापा के बिना बहुत उदास रहता है। आज दिवाली के दिन तो उनको याद करके और भी ज्यादा दुःखी-उदास है। पिछले साल इसके पापा के साथ हम लोगों ने बड़ी धूमधाम से दिवाली मनाई थी, लेकिन क्या पता था कि वह उनकी आखिरी दिवाली है।' मम्मी ने अंशुल को बिस्तर के पास रखी कुर्सी पर बैठने को कहा। वह कुर्सी पर बैठ गया तो मम्मी कमरे से बाहर चली गईं। सौरभ बिस्तर से उठकर बैठ गया, लेकिन वह अब भी बहुत गुमसुम सा था।

अंशुल ने उससे बात करने की कोशिश की। शुरू में तो सौरभ ने बातचीत में कोई रुचि नहीं दिखाई, लेकिन अंशुल ने अपनी कोशिश जारी रखी। धीरे-धीरे सौरभ खुलने लगा और फिर अंशुल से बातचीत करने लगा। अंशुल ने उससे स्कूल, पढ़ाई, दोस्तों आदि के बारे में तरह-तरह की बातें कीं। सौरभ को क्रिकेट का बहुत शौक था। अंशुल ने उससे क्रिकेट के बारे में भी बातें कीं। इस बातचीत से सौरभ का मन हल्का होने लगा। उसके चेहरे पर छाई उदासी मिटने लगी। यह देखकर अंशुल को बहुत अच्छा लग रहा था। तभी मम्मी फलों की चाट बनाकर ले आईं। दोनों के आगे चाट की एक-एक प्लेट रख दी। पहले तो सौरभ ने कहा कि उसका मन नहीं है, वह नहीं खाएगा, लेकिन जब मम्मी और अंशुल ने उसे खाने के लिए बार-बार कहा, तो वह चाट खाने लगा। अंशुल ने भी चाट खाई। धीरे-धीरे सौरभ का मन ठीक होता जा रहा था। अंशुल सौरभ के पास काफी देर तक बैठा रहा। रात के नौ बज गए तो अंशुल अपने घर जाने के लिए उठ खड़ा हुआ। सौरभ का मन अब तक हल्का हो चुका था। वह सामान्य दिख रहा था। वह अंशुल को अपने घर के दरवाजे तक छोड़ने आया। अंशुल अपने घर पहुंचा तो बहुत खुश था। मम्मी-पापा उसके लौटने का इंतजार कर रहे थे। अपने घर में दिवाली मनाते हुए अंशुल को लग रहा था, सौरभ के घर जाकर, उसके साथ कुछ समय बिताकर उसकी उदासी दूर करने की खुशी दिवाली मनाने की खुशी से ज्यादा बड़ी है। इस बार की उसकी दिवाली बहुत अलग तरह की रही। *

कविता
राकेश सोहम



## दिवाली का त्योहार

धूम-धड़ाम से गूंजी बस्ती
दीयों का है उजियारा,
देखो राजू, पिंटू, चीकू
दिवाली का त्योहार आया।
सफाई का साम्राज्य हुआ
घर-घर की हुई सफाई,
लक्ष्मी पूजन हुआ घरों में
सबको बांटी गई मिठाई।
दीप जलाए घर-आंगन में
अंधियारा है शरमाया,
फुलझड़ी पटाखे बम चलाते
सबका मन है हर्षाया।
आज के दिन से सीख सीखना
मन के दीप जलाना,
अंधियारे-सी हर बुराई को
मन से दूर भगाना।

## रंग भरो-187

**रंग भरो-187** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




माही, महासमुंद


राजनंदिनी, रायपुर


वासनी, रायपुर


प्रियांशी, धमतरी


आशना, जांजगीर


आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, इमली-कोरबा

## रंग भरो 188



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा अपने पापा-मम्मी के साथ दिवाली मना रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेले का आयोजन आज

**जींद।** सहायक रोजगार कार्यालय सफीदों द्वारा राजकीय आईटीआई खेड़ा खेमावती में 17 अक्टूबर शुक्रवार को प्रातः 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सहायक रोजगार अधिकारी कुमारी अनन्या दहिया ने बताया कि इस रोजगार मेले में करतार एग्रो प्रा लि द्वारा विभिन्न आईटीआई ट्रेड्स के आधार पर अलग-अलग पदों पर भर्ती की जाएगी।

### आज सचिवालय में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**जींद।** हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में श्जन विश्वास, जन विकास समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में 17 अक्टूबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में 11 बजे आयोजित किया जाएगा। एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय मुख्य समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

### मंडियों में धान की खरीद सुचारू रूप से जारी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला प्रशासन किसानों के हितों की सुरक्षा और उनकी सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंडियों में धान खरीद सीजन के दौरान सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं ताकि किसी भी किसान को असुविधा का सामना न करना पड़े। बताया कि अब तक जिले में कुल 1,02,728 एमटी धान की खरीद हो चुकी है।

### इंस्टा पर महिला पर अभद्र टिप्पणी, केस

**जींद।** इंस्टाग्राम पर अभद्र फोटो अपलोड कर अभद्र टिप्पणी करने पर पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक दंपति के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सदर थाना सफीदों इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दस अक्टूबर को गांव के विक्रम तथा उसकी पत्नी चांदनी ने अपने इंस्टा अकाउंट पर उसकी फोटो अपलोड कर दी।

### बीबीपुर कन्या स्कूल की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**जींद।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की लड़कियों ने 12 से 14 अक्टूबर तक अर्जुन स्टेडियम में संपन्न हुई अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 आयु वर्ग में इस विद्यालय की सात खिलाड़ियों ने जिला जींद की टीम में भाग लिया व 17 वर्ष आयु वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा आयु वर्ग 14 और 19 में दूसरा स्थान प्राप्त किया। पानीपत के उग्राखेड़ी में जूनियर रग्बी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### गांव हाबडी में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव हाबडी में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव हाबडी के दिग्विजय सिंह ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 अक्टूबर को गांव के ही प्रगट सिंह, जीत सिंह, गुरविंदर सिंह ने अपने 35-40 साथियों के साथ घर में घुसकर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### कंबाइन की चपेट में आने से दो भाई घायल

**कैथल।** कैथल के गांव सिरसल में कंबाइन की चपेट में आने से दो भाई घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव सांच के शमशेर सिंह ने पूरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 को जब शाम के करीब 7:00 बजे उसका बेटा और भतीजा सिरसल से जा रहे थे तो अज्ञात कंबाइन चालक ने कंबाइन को चलते उसके बेटे हुए भतीजे को अपनी चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### पुलिस ने हेरोइन सप्लायर दबोचा

**कैथल।** चौंकी पुंडरी पुलिस के एएसआई रणधीर सिंह की टीम द्वारा हेरोइन सप्लायर आरोपी फतेहपुर के राकेश कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 26 सितंबर को स्टेट नारकोटिक कंट्रोल ब्युरो युनिट करनाल टीम द्वारा आरोपी गांव फतेहपुर निवासी गौरव उर्फ विक्की को फतेहपुर दबिश देकर काबू किया गया था।

---

### इंडस स्कूल जूनियर विंग में जश्ने दिवाली का भव्य आयोजन

# इंडस स्कूल के विद्यार्थियों ने सुंदर प्रस्तुतियों से मोहा मन

### मदर्स व बच्चों को प्रतिभा के लिए सम्मानित किया

कार्यक्रम के सफल आयोजन की सभी को बधाई दी





संबोधित करते इंडस निदेशक सुभाष श्योराण व कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में जश्ने दिवाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय का वातावरण रंगीन परिधानों, संगीत और नृत्य की थाप से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एवं सेशनल जज नेहा नौहरिया, इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के निदेशक सुभाष श्योराण, निदेशिका रचना श्योराण, प्राचार्या अरुणा शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, सुमन अहलावत और मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद विद्यार्थियों और मदर्स की शानदार प्रस्तुतियां हुई। जिसमें उन्होंने पूरे जोश के साथ भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों और उनकी मदर्स ने पारंपरिक संगीत पर झूमते हुए सबका दिल जीत लिया। इंडस निदेशक सुभाष श्योराण ने अभिभावकों को संबोधित करते कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम है बल्कि यह हमें भारतीय संस्कृति, परंपराओं और पारिवारिक एकता की भावना से भी जोड़ते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन की सभी को बधाई दी।



जींद। कार्यक्रम में मुख्यअतिथियों को स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### कार्यक्रम की सराहना

दीवाली की शुभकामनाएं दी। रंग बिरंगी व सुंदर-सुंदर वेशभूषा पहने मदर्स व बच्चों को उनकी प्रतिभा के लिए पुरस्कृत किया गया। प्राचार्या अरुणा शर्मा ने आए अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को स्नेह और प्यार के साथ-साथ नैतिक मूल्यों के बारे में भी सिखाएं ताकि वे संस्कारी बन सकें। अंत में मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने निमंत्रित प्राधिकारियों और सभी अभिभावकों को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद किया और सभी ने इस कार्यक्रम की बहुत सराहना की।

---

## हर जरूरतमंद तक भोजन पहुंचे : राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर पहला कदम फाउंडेशन ने अपने कार्यालय में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में भूख और कुपोषण के प्रति जागरूकता फैलाना और कोई भूखा न रहे के संकल्प को मजबूत करना था। कार्यशाला में समाजसेवी, अधिवक्ता, शिक्षक, छात्र और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।



जींद। खाना खाते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### आज भी करोड़ों लोग कुपोषण का शिकार

मुख्य वक्ता राजेश वशिष्ठ ने अपने संबोधन में बताया कि विश्व खाद्य दिवस हर वर्ष 16 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज भी दुनिया में करोड़ों लोग भूख और कुपोषण का शिकार हैं, जिनमें सबसे अधिक सं या बच्चों की है। भूख बच्चों के लिए अत्यंत विनाशकारी है। क्योंकि यह उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देती है, शारीरिक और मानसिक विकास को बाधित करती है और उन्हें गंभीर बीमारियों के जोखिम में डाल देती है। उन्होंने उदाहरण देते बताया कि निमोनिया जैसी बीमारियां भूखे और कुपोषित बच्चों के लिए जानलेवा साबित होती हैं।राजेश वशिष्ठ ने कहा कि पहला कदम फाउंडेशन का उद्देश्य है कि समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक भोजन पहुंचे। इसके लिए संस्था समय-समय पर भोजन वितरण, जागरूकता अभियान और पोषण संबंधी कार्यशालाओं का आयोजन करती है।



पूंडरी। खिलाड़ियों के साथ स्कूल स्टॉफ। फोटो :हरिभूमि

### श्वेता रॉयल स्कूल के छात्र छाए

**पूंडरी।** श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल फतेहपुर पुंडरी के लगभग 63 छात्रों ने स्कूली खेलों में भाग लिया। इनमें से मुख्य रूप से क्रिकेट, चेस, कराटे, फुटबॉल व तैराकी के खिलाड़ी थे। तैराकी में राज्य स्तरीय खेलों में निश्चय सैनी ने अंडर- 17 वर्ग में सिल्वर मेडल व कनिक ने अंडर-14 वर्ग में ब्रॉन्ज पदक हासिल किया। इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन से पूरे स्कूल प्रांगण में खुशनुमा माहौल बना हुआ था और स्कूल पहुंचने पर इनका भव्य स्वागत किया गया। अंडर-17 वर्ग में वाणी ने कराटे में राज्य स्तरीय खेलों में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और अब नेशनल लेवल के लिए क्वालीफाई किया। अंडर-17 वर्ग में राज्य स्तरीय खेलों में सक्षम ने चेस और क्रिकेट में कशिश ने भाग लिया। अंडर-14 वर्ग में तेजस ने क्रिकेट में स्टेट लेवल पर भाग लिया और एथलीट में विद्यालय के अधिकतर छात्रों ने भाग लिया। स्कूल के डीपी राजकुमार ने बताया कि वहां पूरे राज्य से अनेक खिलाड़ी पहुंचे थे इन खिलाड़ियों ने तीसरे राउंड में अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर अपने नाम मेडल किया।

### रेसिपी प्रतियोगिता में सुमन व रंगोली में नीलम अव्वल

**कैथल।** पोषण माह के तहत कृषि विज्ञान केंद्र में जिला स्तरीय पोषण मेला एवं पोषण माह समापन समारोह आयोजित किया गया। इसके तहत जिले से कुपोषण मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत विभिन्न गतिविधियां चलाई गई। इसमें रेसिपी प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पोषण गान, बेस्ट फ्रॉम बेस्ट, रंगोली प्रतियोगिता, पोषण माह की सफलता की कहानी आदि गतिविधियां आयोजित करवाई गई एवं पोषण माह की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम अधिकागुरजीत कौर ने बताया कि रेसिपी प्रतियोगिता में आंगनवाड़ी वर्कर सुमन प्रथम स्थान, निशा द्वितीय तथा आशा तृतीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में नीलम आंगनवाडी वर्कर प्रथम स्थान, नीलम द्वितीय स्थान, रचना तृतीय स्थान पर रही। बेस्ट फ्रॉम वेस्ट में आंगनवाड़ी हेल्पर सुदेश प्रथम स्थान, सन्तोष, रीना द्वितीय स्थान, पुष्पा पूंडरी तृतीय स्थान पर रही। पोषण माह की सफलता की कहानी में निशा सुपरवाईजर प्रथम स्थान, सरमीला सुपरवाइजर गुहला द्वितीय स्थान, कुसुम सुपरवाईजर सीवन तृतीय स्थान पर रही। राजविन्द्र आंगनवाड़ी वर्कर द्वारा पोषण गान गाया गया।

---

### पंचमुखी हनुमान की मूर्ति स्थापित की जाएगी

**कलायत।** कपिल मुनि तीर्थ के किनारे स्थित रामबाग शमशान भूमि में जल्द ही 20 फीट ऊंची पंचमुखी हनुमान की भव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। लगभग 10 लाख रुपये की लागत वाली इस परियोजना का उद्देश्य परिसर को और अधिक धार्मिक और दर्शनीय बनाना है रामबाग शमशान भूमि के प्रधान, राधेश्याम भट्ट ने बताया कि मूर्ति के फाउंडेशन का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। पंचमुखी हनुमान को विपत्तियों का हरण करने वाला माना जाता है, इसलिए यह मूर्ति शमशान भूमि परिसर की दिव्यता और श्रद्धालुओं की आस्था को बढ़ाएगी। यह भी बताया कि रामबाग शमशान भूमि पहले से ही धार्मिक आस्था का केंद्र है, जहाँ भगवान शिव की जटाओं से निकल रही गंगा की धारा, माँ काली और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं।



कपिल मुनि तीर्थ के किनारे स्थित रामबाग शमशान भूमि में चल रहा निर्माण कार्य



जींद। गोपाल स्कूल में कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर वमावि जींद में वीरवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सौजन्य से एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में अनिता मलिक टीजीटी कंप्यूटर, इंडस पब्लिक स्कूल कैथल तथा निहारिका दलाल दालमवाला स्कूल प्रबंध समितिद्ध ने गरिमामय उपस्थिति दर्ज करवाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को सुदृढ़ करने के लिए प्रशिक्षित करना था। इस अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों की पहचान और उनसे प्रभावी ढंग से निपटने के उपायों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि शिक्षक छात्रों की मानसिक समस्याओं के प्रति सजग रहें और समय पर उचित सहयोग एवं परामर्श प्रदान करें। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच विकसित करने और तनाव प्रबंधन की तकनीकों से भी अवगत कराया गया।

### ई पुस्तक प्लेटफार्म की दी जानकारी

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा ई संसाधन ई लाइब्रेरी में शिक्षा का महत्वपूर्ण साधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा किया गया। जबकि कार्यक्रम का संचालन पुस्तकालयाध्यक्षा डा. पिंकी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में जिला नोडल अधिकारी एवं सेवानिवृत सीनियर पुस्तकालयाध्यक्ष गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज जींद महिपाल खटकड़ ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने छात्राओं को ई संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और बताया कि कैसे वे इसका उपयोग अपने जीवन में कर सकते हैं और अपने करियर को बना सकते है। ई संसाधनों में ई पुस्तकें, जर्नल, वीडियो, ऑडियो तथा अन्य डिजिटल सामग्री शामिल है। ये संसाधन विभिन्न विषयों पर उपलब्ध होते हैं। मुख्य वक्ता ने प्रोजेक्ट गुटेनबर्ग, गूगल बुक्स, जेस्टोर तथा कई अन्य ई पुस्तक प्लेटफार्म के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं को नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी के बारे में भी विस्तार से समझाया।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम में डा. राकेश को स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन पर वर्कशॉप

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में इंटर्नशिप अप्रिशिएसन एंड प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। इस अवसर पर प्राचार्य ने भी छात्र व छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें इंटर्नशिप को बोझ न समझ कर रुचि और समर्पण के साथ पूर्ण करना चाहिए। इंटर्नशिप के नोडल अधिकारी लाभ सिंह ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में डा. राकेश एडब्लूएल मेटैवर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर को बुलाया गया और उन्होंने छात्र व छात्राओं को संबोधित करते हुए इंटर्नशिप के महत्व के बारे में बताया। भविष्य में एआई तकनीक और चैट जीपीटी की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की। वर्कशॉप के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा दो छात्रों को नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

---



राजकीय कालेज अलेवा में छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य मुनीष कुमार व सीमा कश्यप।

### टाप 10 में स्थान मिलने पर मुक्ता सम्मानित

**अलेवा।** जींद के राजकीय कालेज में आयोजित जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में अलेवा कालेज की छात्रा मुक्ता सिंह राणा द्वारा टाप 10 में स्थान प्राप्त करने पर कालेज में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मुनीष कुमार व उप प्राचार्या सुनीता दुग्गल ने की तथा संचालन प्रभारी सीमा कश्यप ने किया। इस दौरान छात्रा को सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने बताया कि जींद के राजकीय कालेज में आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में अलेवा कालेज की छात्रा मुक्ता सिंह राणा द्वारा टाप 10 में स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से छात्रा की मेहनत और लगन के साथ-साथ कालेज के शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिचय भी मिलता है। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी रचनात्मक क्षमता को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया।

## बालम जी घड़वादे मेरी पाजेब....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजकीय कवमावि जाखौली अड्डा कैथल में जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव करवाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश राविश अतिरिक्त जिला उपायुक्त कैथल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेश कुमार जिला शिक्षा अधिकारी कैथल ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला उपायुक्त सुरेश राविश ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अपना महत्व है। इन उत्सवों के माध्यम से बच्चों में छिपा कलाकार बाहर निकल कर आता है। जिससे समाज को एक अच्छा कलाकार मिलता है।




कैथल। सांस्कृतिक महोत्सव में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को जब जब अवसर मिलता है। वो अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। सरकारी अध्यापक समाज में शिक्षा के साथ साथ अनेक सामाजिक दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करते हैं। जिससे प्रसाशन व्यवस्था बनी रहती है। जो काबिल के तारीफ़ हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रस्तुति के लिए शुभकामनाएं दी। जिला शिक्षा अधिकारी कैथल सुरेश कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालयों के बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना लोहा मनवा चुके हैं। कार्यक्रम प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम दो दिन चलेगा। पहले दिन कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए रहा। 17 अक्टूबर को कक्षा 5 से 8 के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया जाएगा। इस सांस्कृतिक उत्सव प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने निम्न विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसमें सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य, रागनी, स्किट प्रतियोगिता करवाई गई। विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आकर्षण हरियाणा सांस्कृतिक धरोहर, सेल्फी प्वाइंट तथा रंगोली रहे। सुरेश कौशिक अधीक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ नरेश कुमार, सुरेश सिंगला, सुरेश नैन, प्रिंसिपल रवींद्र शर्मा, जयपाल सिंह, रमेश कैंडल, प्रद्युम्न भल्ला आदि मौजूद रहे।



जींद। समूह नृत्य में भाग लेते हुए टीमें। फोटो :हरिभूमि

### बाल भवन में एकल नृत्य प्रतियोगिता

**जींद।** बाल भवन में वीरवार को कई प्रतियोगिताएं हुई। इसमें एकल नृत्य के तृतीय व चतुर्थ समूह और समूह नृत्य की प्रथम समूह प्रतियोगिता में जिलेभर से 69 स्कूलों के लगभग 712 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला बाल कल्याण अधिकारी मलकीयत चहल ने सभी स्कूली बच्चों को बाल भवन जींद में होनी वाली प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। एडीसी विवेक आर्य के देखरेख में हो रही इस प्रतियोगिताओं को बच्चों व माता-पिता ने खूब सराहा और बताया कि ये प्रतियोगिताएं 11 से लेकर 18 अक्तूबर तक बाल भवन जींद में आयोजित की जा रही हैं। इन प्रतियोगिता में बच्चे बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता होती रहे, जिस से की बच्चे कला को निखार सके। आज की प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए बाल भवन जींद की तरफ से भेजा जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को जिला स्तरीय बाल दिवस समारोह में उपायुक्त एवं प्रधान जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा सम्मानित किया।

---

### वुड स्टॉक स्कूल में जिला स्तरीय प्राथमिक क्रीडा व संस्कृति कार्यक्रम प्रारंभ

# कैरम में जींद प्रथम, नरवाना ने दूसरा स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्राथमिक क्रीडा व सांस्कृतिक कार्यक्रम के पहले दिन वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में हुआ शानदार आगाज हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी किरण बाला, वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल के निदेशक नरेंद्र नाथ शर्मा, प्राचार्या सुकीर्ति गौतम तथा एईईओ अमित कुमार ने किया। प्राचार्या सुकीर्ति गौतम ने आए हुए सभी अतिथियों, निर्णायक मंडल, टीम इंचार्ज व बच्चों का स्वागत किया व जीत की शुभकामनाएं दी।



जींद। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्यअतिथियों का स्वागत करते हुए।

उप जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी किरण बाला ने भी आज हुए मुकाबलों में सभी लड़कियों को अपना शतप्रतिशत खेल दिखाने के लिए प्रेरित किया व खेल में हार जीत को महत्वपूर्ण न मानकर खेलों में भाग लेना महत्वपूर्ण बताया। इन खेलों के नोडल अधिकारी जोगेंद्र गिल व गौरव आशरी ने बताया कि आज पहले दिन लड़कियों के मुकाबले हुए। जिसमें कैरम में जींद ने पहला तथा नरवाना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में उचाना ने पहला तथा नरवाना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। खो-खो में उचाना ने पहला तथा सफीदों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी के मुकाबले में उचाना ने पहला तथा जींद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स के मुकाबलो में 100 मीटर दौड़ में वान्या जींद ने पहला तथा भूमि नरवाना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

#### 400 मीटर दौड़ में दीपा प्रथम

200 मीटर दौड़ में वान्या जींद ने पहला तथा अवनी नरवाना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में दीपा नैन ने पहला तथा जाहनवी जींद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में अवनी नरवाना ने पहला तथा आरूषि उचाना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में अवनी नरवाना ने पहला तथा निधि जींद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में सानवी नरवाना ने पहला तथा मानसी जुलाना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। योग की प्रतियोगिता में दिव्या नरवाना ने पहला, निशु नरवाना ने दूसरा, खुशी जींद ने तीसरा स्थान, आन्या जींद ने चौथा, जोश्विन जींद ने पांचवां तथा यदिका नरवाना ने छठा स्थान प्राप्त कर रोहतक में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर आशुतोष शर्मा ने आए हुए सभी मेहमानों का धन्यवाद किया।इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सभी शारीरिक शिक्षक व प्राथमिक अध्यापक उपस्थित रहे।



अलेवा। राजकीय कालेज में पौधारोपण करते पूर्व प्राचार्या व प्राचार्य मुनीष कुमार।

## महाविद्यालय में किया पौधारोपण

**अलेवा।** राजकीय कालेज में वीरवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य मुनीष कुमार ने की तथा मुख्य तौर पर पूर्व प्राचार्या वीना बहल व पूर्व प्राचार्य रजनीश बहल ने हिस्सा लिया। पूर्व प्राचार्या द्वारा विद्यार्थियों व प्राचार्य के साथ मिलकर कालेज परिसर में पौधारोपण किया गया। वीना बहल ने पौधों का महत्व बताया।

**सूचना**

मैं, प्रितम देवी पत्नी दलबीर सिंह निवासी गांव सिसला-सिसमोर, तहसील व जिला कैथल बयान करती हूं कि मेरे को पहले PRITAM DEVI के नाम से जाना जाता था अब मैंने अपने नाम को बदलकर PREETAM KAUR रख लिया है। भविष्य में मुझे PREETAM KAUR के नाम से जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप



### महाराजा अग्रसेन स्कूल की छात्राएं जीतीं

**जींद।** महाराजा अग्रसेन की छात्राओं ने जाइट इन्स्टीट्यूट जींद में स्टार्ट अप आइडिया प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की व कुमारी गरिमा सिंगला, कुमारी कशिश, कोमल व ख्याति ने सांत्वना पुरस्कार अर्जित किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता के माध्यम से नवाचार करने और सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करना है। प्रधान महावीर गुप्ता व प्रिंसिपल रीटा अरोड़ा ने प्रोत्साहित किया।

### शराब ठेका लूटने के तीनों आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** गांव बेलरखां में गत 14 अक्टूबर को शराब ठेका लूटने के तीन आरोपितों को सीआईए स्टाफ टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान बेलरखां निवासी बलिंद्र उर्फ बिंद्र, अमित और रवि के तौर पर हुई है। गांव डाहोला निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह बेलरखां में शराब ठेके पर सेल्समैन के तौर पर कार्यरत है। 14 अक्टूबर शाम को लूट हुई थी।

### देवबन में फसल अवशेष जलाने पर केस दर्ज

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि जिला प्रशासन फसल अवशेषों में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त रूख अपनाए हुए है। हरसेक प्रणाली से गांव देवबन में आग लगाने की पहल घटना दर्ज की गई है। प्रशासन के अधिकारियों द्वारा तुरंत इसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साथ-साथ पांच हजार रुपये जुर्माना तथा रेड एंट्री की गई है। किसानों का आह्वान किया कि वे फसल अवशेष प्रबंधन करें।

### कैथल में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कैथल।** कैथल के गांव फर्शमाजरा रोड के जामुन वाटिका के पास पेड़ पर फंदा लगा युवक ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। युवक की आयु करीब 27 साल की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही सीवन थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल पर जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक अभी युवक की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है यह युवक बाइक से इस रास्ते पर पहुंचा।

### कपास की फसल को बढ़ावा देने के टिप्स बताए

**उचाना।** सर्व जातीय दाड़न खाप चबूतरा पालवां पर कृषि विभाग द्वारा कपास फसल को बढ़ावा देने को लेकर कपास मेले का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीएम दलजीत सिंह पहुंचे। अध्यक्षता खंड कृषि अधिकारी उचाना सुरेंद्र मोर ने की। उपमंडल कृषि अधिकारी नरवाना सुनील कुमार के दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित किया।

### सदभाव यात्रा से बृजेंद्र बने जन नेता : श्योकंद

**उचाना।** कांग्रेस युवा नेता राकेश श्योकंद उचाना खुर्द ने कहा कि सदभाव यात्रा को निरंतर लोगों का जन समर्थन मिल रहा है। यात्रा हिसार जिले के नारनौंद हलके में पहुंची। यहां पर हर किसी ने यात्रा का जोश के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बृजेंद्र सिंह प्रदेश के इतिहास के ऐसे पहले नेता है जो बिना किसी चुनाव के प्रदेश में सदभाव का संदेश देने के लिए पैदल निकले हैं।

### कुलदीप ने संभाला एसडीओ का कार्यभार

**ढांड।** उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम के ढांड सब डिवीजन-2 में नव नियुक्त उपमंडल अभियंता कुलदीप कुमार ने अपना कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वे करनाल जिले में अपनी सेवाएं दे रहे थे। एसडीओ कुलदीप कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान करना रहेगा। उपभोक्ता सीधे आकर समस्याएं बताएं।

## एक दिन पहले बनेगी ऑपरेशन की सूची, आएगी पारदर्शिता

# नागरिक अस्पताल में मरीजों के ऑपरेशन को बनाए सख्त नियम

एक दिन पहले तैयार की जाएगी सूची, तय नाम वाले सभी मरीजों का नहीं टलेगा ऑपरेशन, डॉक्टरों की मनमानी पर रोक लगेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों के ऑपरेशन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए नए नियम लागू किए गए हैं। अब जिन मरीजों के ऑपरेशन होने हैं, उनकी सूची एक दिन पहले तैयार की जाएगी। इसी सूची के आधार पर ऑपरेशन किए जाएंगे। इस सूची में शामिल सभी मरीजों का ऑपरेशन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इसमें किसी भी मरीज का ऑपरेशन टाला नहीं जाएगा। अगर गंभीर हालात में कोई नया मरीज आता है तो उसको भी शामिल किया जा सकेगा।

यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि चिकित्सकों द्वारा अपनी मर्जी से ऑपरेशन करने की अनियमितताओं पर रोक लग सके और मरीजों को समय पर उपचार मिले। पहले ऑपरेशन की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी थी। कई बार चिकित्सक अपनी सुविधा या अन्य कारणों से कुछ मरीजों के ऑपरेशन टाल देते थे। इससे मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता था। इस अनियमितता की शिकायतें मिलने के बाद सिविल सर्जन ने नए दिशा-निर्देश लागू किए। अब हर दिन ऑपरेशन की सूची एक दिन पहले तैयार की जाएगीए जिसमें मरीजों के नाम, ऑपरेशन का प्रकार और समय स्पष्ट रूप से दर्ज होगा। सूची में नाम आने के बाद मरीज का ऑपरेशन अनिवार्य होगा और इसे टालने की अनुमति नहीं होगी।

### डॉक्टरों में बनेगा अनुशासन

नए नियमों से ऑपरेशन थिएटर का उपयोग अधिक व्यवस्थित होगा। पहले कुछ मरीजों को प्राथमिकता देने के कारण अन्य मरीजों को इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब सूची के आधार पर सभी मरीजों को समान अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम मरीजों के हित में है और चिकित्सकों पर भी अनुशासन लागू करेगा।

### सूची नोटिस बोर्ड पर लगेगी

ऑपरेशन की सूची को अस्पताल के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध कराया जाएगा ताकि मरीज और उनके परिजन पहले से जानकारी प्राप्त कर सकें। इसके अलावाए मरीजों की काउंसलिंग और प्री.ऑपरेटिव जांच को भी अनिवार्य किया गया हैए ताकि ऑपरेशन के दौरान किसी तरह की जटिलता न आए।

### ऑपरेशन की व्यवस्था होगी सुदृढ़



सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि नए नियमों के तहत ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्था को भी और सुदृढ़ किया जा रहा है ताकि मरीजों को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य मरीजों को समय पर और उचित उपचार प्रदान करना है। ऑपरेशन की प्रक्रिया को नियमबद्ध करने से न केवल मरीजों का भरोसा बढ़ेगाए बल्कि अस्पताल की कार्यप्रणाली भी सुधरेगी। नियम का पालन न करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नागरिक अस्पताल के जीर्णोद्धार की डीजी हेल्थ ने ली समीक्षा रिपोर्ट






**जींद।** एमरजेंसी वार्ड में लगाए गए पर्दे। रात के समय लाइटों से चमक रही नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग।

- नागरिक अस्पताल की लाइटिंग खींच रही सबको अपनी ओर
- शौचालयों का काम बीच में छोड़ने पर हुए नाराज, पीडब्ल्यूडी को जल्द काम पूरा करने के निर्देश

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में चल रहे जीर्णोद्धार के कार्य की समीक्षा रिपोर्ट डीजी हेल्थ व एसीएस ने ली। उन्होंने वीसी करके स्वास्थ्य अधिकारियों से रेनोवेशन कार्य की जानकारी ली। इस दौरान जो-जो कमियां संज्ञान में आई, उनको डीजी हेल्थ के समक्ष स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने रखा। डीजी हेल्थ ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए।

### यह बताए काम

वीसी में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल की बिल्डिंग में सेंट्रल एसी का काम भी अधूरा पड़ा है। वहीं फ्लोरिंग तथा व्हाइट वाश का काम शुरू भी नहीं हो पाया है। एमरजेंसी वार्ड का भी पूरा काम नहीं हुआ है। आक्सीजन फिटिंग का काम भी अधूरा है। बाउंड्री वाल का कोई काम नहीं हुआ है। शौचालयों की रिपेयर का काम चल रहा था, वह बंद है। इस पर डीजी हेल्थ व एसीएस ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों का बचा हुआ कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शौचालय का काम रुके होने पर कड़ा एतराज जताया और कहा कि किसी भी सूरत में कार्य रुकना नहीं चाहिए।

## मंडी में किसानों की जानीं समस्याएं

# जींद मंडी का दौरा करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा



**जींद।** मंडी में किसानों की फसल का निरीक्षण करते हुए पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

**जींद।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गुरुवार को जींद की अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने वहां किसानों, आढ़तियों और मजदूरों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा। इस मौके पर उनके साथ सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर, दीपक पिंडारा, सतपाल सत्तू, शमशेर सारंग ढाठरथ, बिजेंद्र ढाठरथ, पवन गर्ग, महाबीर कंप्यूटर मौजूद रहे।

पत्रकारों से बातचीत में हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार न किसानों को एमएसपी दे रही है और ना ही खाद दे रही है। खाद के लिए किसान मारे-मारे घूम रहे हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि वो लगातार प्रदेश की मंडियों का दौरा कर रहे हैं। जींद समेत तमाम मंडियों में किसानों ने ऐसी ही शिकायतें की थी। किसानों ने कहा कि मंडियों में उनके साथ खुली लूट हो रही है। उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी से कम रेट पर फसल बेचनी पड़ रही है और धान खरीद में भारी अनियमितताएं हो रही हैं। मंडी में गेट पास बनवाने और फसल रखने की जगह ना मिलने से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। सरकारी एजेंसियां नमी या काले दानों का बहाना बनाकर धान खरीदने से इनकार कर रही हैं। जिसके कारण किसानों को एमएसपी से 500 रुपये तक प्रति क्विंटल कम दाम मिल रहे हैं।

उन्होंने मांग की कि सरकार धान खरीद में 22-24 प्रतिशत नमी पर छूट दे, काले दानों में राहत प्रदान करे और 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा करे। हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले धान का रेट 3100 रुपये प्रति क्विंटल देने का वादा किया था लेकिन अब किसानों को एमएसपी भी नही मिल रहा।

मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल, रजिस्ट्रेशन और गेट पास की जटिलताओं ने किसानों को परेशान कर रखा है। सरकार को इन समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।

# पुंडरीक तीर्थ में चला सफाई अभियान

- इस बार पूंडरी की दीपावली भव्य और दिव्य होगी : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** पुंडरीक तीर्थ में कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान करते हुए विधायक सतपाल जांबा।

पूंडरी में दीपावली मेले की तैयारियों के तहत विधायक सतपाल जांबा ने पुंडरीक तीर्थ पर स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने नगर पालिका पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर तीर्थ परिसर की सफाई की और स्वयं झाड़ू लगाकर श्रमदान किया।

विधायक जांबा ने बताया कि इस बार पुंडरीक तीर्थ पर दीपावली पर्व भव्य और दिव्य रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तीर्थ परिसर को 5100 दीपकों की रोशनी से जगमगाया जाएगा, वहीं अमृतसर की तर्ज पर आतिशबाजी और अयोध्या की तर्ज पर दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि हम दीपावली पर्व को सामाजिक एकता व स्वच्छता के संदेश के साथ मनाएं। तीर्थ में शुक्रवार को हवन के साथ स्वच्छ पानी छोड़ा जायेगा। इस अवसर पर अनाज मंडी पूर्व प्रधान सतीश हजवाना, नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, उपाध्यक्ष राम प्रसाद, पार्षद हिशम सिंह बुक्कल, मुल्तान सिंह गोलन, साहब सिंह, विक्की, प्रताप राणा, डॉ. बलविंदर मैहला, जगदीश क्वात्रा, बलबीर सैनी, पूर्व पार्षद जयपाल सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

## एमपीएचडब्ल्यू फीमेल को नहीं मिला वेतन

**जींद।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा ने दो महीने से लंबित वेतन की अदायगी न होने पर नाराजगी जताई है। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी, महासचिव सहदेव आर्य ने बताया कि पिछले तीन साल से 2211 परिवार कल्याण हेड में बजट का अभाव बना हुआ है। राज्य प्रवक्ता संदीप कुंडू ने बताया कि कर्मचारियों का अगस्त एवं सितंबर माह का वेतन लंबित है। बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेश प्रदेश सचिव संदीप ने कहा कि एसोसिएशन ने तुरंत 2211 हेड में बजट जारी करते हुए वेतन जारी करने की अपील की है ताकि कर्मचारी दिवाली के त्योहार को खुशी-खुशी मना पाएं।

# मनरेगा मजदूरों की मांगें मानें : नरेश

- 11 अप्रैल को 20 सूत्री मांगपत्र मुख्यमंत्री को सौंपा था, लेकिन नहीं हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** मनरेगा मजदूर यूनियन के पदाधिकारी मांग पत्र को दिखाते हुए।

मनरेगा मजदूर यूनियन ने हनुमान वाटिका पार्क में 'हरियाणा के मनरेगा मजदूरों की मांगें कब पूरी होंगी और भ्रष्टाचार कब रुकेगा?' विषय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस कान्फ्रेंस को मनरेगा मजदूर यूनियन के राज्य प्रधान कामरेड नरेश कुमार, यूनियन के सलाहकार कामरेड फूल सिंह, उप-प्रधान सत्यवीर सिंह, प्रचार सचिव कर्मजीत कौर, महासचिव कामरेड सोमनाथ, सचिव सुनहरा सिंह ने किया। प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि हरियाणा में मनरेगा कानून का खुला उल्लंघन हो रहा है और मनरेगा में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। गत 11 अप्रैल को 20 सूत्री मांगपत्र मुख्यमंत्री को सौंपा था, परंतु मनरेगा मजदूरों की समस्याएं हल नहीं की गईं। ग्रामीण विकास विभाग के आयुक्त ने मांगपत्र का जो जवाब भेजा है वह बेहद हास्यास्पद और गैर-जिम्मेदाराना है। मजदूरों की मांगें - 1000 रुपए दैनिक मजदूरी और साल में कम से कम 200 दिन रोजगार गारंटी, भ्रष्टाचार पर नकेल आदि मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं। मनरेगा मजदूर यूनियन ने निर्णय लिया है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम खुली चिट्ठी लिखी जाएगी।

## विधायक ने गिनवाईं उपलब्धियां

# जनता की उम्मीदों पर खरी उतर रही सरकार : देवेंद्र अत्री



**उचाना।** जन समस्याओं को सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

**उचाना।** लगातार तीसरी बार प्रदेश में बनी भाजपा सरकार का एक साल का कार्यालय पूरा होने पर भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि जनता की उम्मीदों पर नायब सरकार खरी उतर रही है। पहले ही साल नायब सरकार की अनेकों बड़ी उपलब्धिया रही है। लाडो लक्ष्मी योजना, शामलात भूमि पर पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक, अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत आरक्षण, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत प्लॉट देने संबंधी फैसले शामिल रहे। प्रदेश सरकार ने बिना पर्ची-खर्ची के अब तक 1.80 लाख युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। अब तीसरे कार्यकाल में दो लाख नई नौकरियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। युवाओं से आह्वान किया कि वे परीक्षाओं की तैयारी करें।

# नागरिक अस्पताल में दिया धरना

- अस्पताल निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की करवाई जाए जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** नागरिक अस्पताल में मांगों को लेकर धरना देते हुए।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माक्र्सवादी ने गुरूवार को नागरिक अस्पताल परिसर में धरना दिया गया और बाद में उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। धरने में शहर की ज्वलंत समस्याओं और बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की गई। धरने की अध्यक्षता लोकल कमेटी सदस्य वे प्रकाश ने की तथा संचालन पवन कुमार ने किया।

प्रकाश चंद्र, सुरेश राठी, नूतन प्रकाश, संदीप जाजवान आदि ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। जिसके कारण ईमानदार अधिकारी आईपीएस वाई पूरन कुमार को आत्महत्या करनी पड़ी और संदीप लाठर जैसे कर्मठ अधिकारी को भी शहादत देनी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि नागरिक अस्पताल जींद में बिना टेंडर के निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिससे भारी भ्रष्टाचार की बू आ रही है। उन्होंने उच्च स्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को गंदा पानी मिल रहा है। नहरी पानी की व्यवस्था की जाए। सीवरेज व बरसात के पानी की निकासी की गंभीर समस्या का स्थाई समाधान किया जाए। सड़कों की खस्ताहाल हालत को ठीक किया जाए। टूटी गलियों की मरम्मत करवाई जाए।

## विजेताओं का सम्मान समारोह

# जोनल यूथ फेस्टिवल में जाट कॉलेज के विद्यार्थी रहे आगे

- लूर हरियाणवी डांस व ग्रुप डांस में द्वितीय रहा जाट कॉलेज

**कैथल।** जाट पी.जी .महाविद्यालय कैथल के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जाट हाई स्कूल सोसाईटी के प्रबंधक समिति के प्रधान राजकुमार बैनिवाल, उप प्रधान बलजिंदर सिंह बनवाला, सचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन , जाट कॉलेज प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार ढिल्लों ने शिरकत की। कल्चर कमेटी के को-कन्वीनर डॉ. राजेश बनवाला ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया,मंच का संचालन प्रो. अजय सिंह ने किया। इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा में चल रहे यूथ फेस्टिवल में जाट पी.जी. महाविद्यालय कैथल की टीम ने लूर हरियाणवी डांस व ग्रुप डांस में द्वितीय, स्किट में तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं रिचुअल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, नीलम विश्वविद्यालय में उत्सव रंग ए नूर 2025 में पूजा ने सोलो डांस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस युवा उत्सव में लगभग 300 टीमों ने अलग-अलग विधाओं में भाग लिया।

## गांव मानस में पुरानी मांग हुई पूरी

# मानसरोवर तीर्थ पर शेड का विधायक ने किया उद्घाटन



**कैथल।** विधायक आदित्य सुरजेवाला गांव मानस में मानसरोवर तीर्थ पर नवनिर्मित शेड का उद्घाटन करते हुए।

**कैथल।** विधायक आदित्य सुरजेवाला ने गांव मानस के प्रसिद्ध मानसरोवर तीर्थ स्थल पर नवनिर्मित शेड का उद्घाटन किया। यह शेड ग्रामवासियों व माताओं-बहनों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर आधारित था, जो भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों के दौरान छाया व सुविधाओं की कमी से परेशान थीं। विधायक सुरजेवाला ने एक और महत्वपूर्ण घोषणा की। कैथल हलके के गांवों से हरिद्वार तक गंगा स्नान के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू करने का ऐलान किया गया। इस अवसर पर सुदीप सुरजेवाला, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश खरटा, बंसी लाल, बालकू राम, गौरव भाल, संदीप चट्ठा, संदीप भाल, ओमप्रकाश, अमृत नांदल, जंगीर बाल्मीकी, सतीश, जगना प्रजापति, अमरदीप भाल, जोगिया मौजूद रहे।

## महोत्सव — जिला युवा महोत्सव की तिथि में किया बदलाव, प्रतिभा दिखाने को मिलेगा मंच

15 से 29 साल के बीच के युवा आठ गतिविधियों में हिस्सा लेकर दिखाएंगे प्रतिभा

# अब 3-4 नवंबर को किया जाएगा जिला युवा महोत्सव : कृष्ण कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** चीनी मिल प्रबंध निदेशक एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी कैथल कृष्ण कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

जिला युवा महोत्सव को लेकर चीनी मिल प्रबंध निदेशक एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी कैथल कृष्ण कुमार ने शुगर मिल में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अब जिला युवा महोत्सव की तिथि बदलाव किया गया। अब जिला युवा महोत्सव 27-28 अक्टूबर की बजाए 3 व 4 नवंबर 2025 को किया जाएगा।

आईटीआई के प्रधानाचार्य एवं जिला युवा समंवयक अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि जिला युवा महोत्सव में 8 कार्यक्रम शामिल किए गए हैं। इनमें कोई भी युवा जिसकी आयु 15 से 29 साल के बीच हो, वे इसमें भाग ले सकते है। किसी भी राजकीय आईटीआई से फार्म लेकर भर सकते हैं।

### यह प्रतियोगिताएं होंगी

एमडी कृष्ण कुमार ने बताया कि महोत्सव के तहत लोक गीत समूह, लोक नृत्य समूह, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान मेला एकल व ग्रुप तथा लोक वाद्य यंत्र वादन एकल व ग्रुप प्रतियोगिता करवाई जाएंगी। प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागियों को नकद ईनाम दिया जाएगा तथा वे राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने उच्चतर शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार व जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश दिए कि वे अधिक से अधिक सरकारी व प्राइवेट स्कूल के युवाओं को समारोह में भाग दिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला युवा समन्यवक अधिकारी सतीश मच्छाल, मनोज भांबू, प्रवीन थरेजा, शमशेर मलिक, अनिल ढुल, मोहित नेहरा, सलीम खान, दीपक पुनिया, कुलबीर सिंह, नरेश पंवार आदि उपस्थित थे।